बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Civil Appeal Nos. - 4242/2022, 4243/2022, 4244/2022, 4245/2022, 4246/2022 एवं 4247/2022 में दिनांक 23.05.2022 को पारित आदेश के अनुपालन में 30वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा (वि.सं. 06/2018) के अंतर्गत 08 उम्मीदवारों का अन्तिम परीक्षाफल

विज्ञापन संख्या – 06/2018 के अन्तर्गत असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के पदों पर नियुक्ति हेतु 30वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से सफल उम्मीदवारों की अनुशंसा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार को उपलब्ध करायी जा चुकी है।

विज्ञापन/साक्षात्कार पत्र में उल्लिखित शर्त्तों के आलोक में साक्षात्कार के दिन विधि स्नातक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र/अपने शिक्षण संस्थान की मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र/आचरण प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि मूल में प्रस्तुत कर सत्यापन नहीं कराये जाने के कारण कुल 32 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी गयी थी। इनमें से कुछ उम्मीदवारों द्वारा अपनी अनर्हता के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, पटना में वाद दायर किये गये जिन्हें माननीय न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना के उक्त न्यायादेशों के विरूद्ध कुल 08 उम्मीदवारों द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर SLP(C) No. 10776/2021, आरव जैन बनाम बिहार लोक सेवा आयोग एवं अन्य से उद्भूत Civil Appeal No. - 4242/2022, SLP(C) No. 11089/2021 एवं अन्य सदृश 06 वादों में समेकित सुनवाई करते हुए दिनांक 23.05.2022 को आदेश पारित किया गया है जिसमें अनारक्षित (01) कोटि की नन–ज्वाईनिंग के कारण उत्पन्न 05 रिक्तियों के विरूद्ध 05 उम्मीदवारों तथा भविष्य में प्रकाशित होनेवाले विज्ञापन की रिक्तियों में से अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटियों की क्रमशः 01–01 रिक्ति के विरूद्ध 03 उम्मीदवारों को सफल घोषित करने का निदेश दिया गया है।

पूर्व में दिनांक 29.11.2019 को प्रकाशित अन्तिम परीक्षाफल हेतु 687 उम्मीदवारों की संयुक्त मेधा सूची तैयार की गयी थी। उपर्युक्त 08 उम्मीदवारों को शामिल करने के उपरान्त संशोधित संयुक्त मेधा सूची में शामिल उम्मीदवारों की कुल संख्या – 695 हो जाती है जिसमें उक्त उम्मीदवारों की स्थितिक विवरणी निम्न प्रकार है:–

Sl. No.	Merit Serial	Roll No.	Name	Gender	Res. Cat.	Total Marks	Cut-Off Marks of their Category
1.	15	125499	MAYANK KUMAR PANDEY	MALE	01	569	517
2.	21	100345	AARAV JAIN	MALE	01	564	
3.	62	125441	ASHISH CHANDRA	MALE	01	546	
4.	104	114020	SIDDHARTH SHARMA	MALE	01	532	
5.	157	109002	SANJAY KUMAR MISHRA	MALE	01	520	
6.	417	103270	ANAND RAJ	MALE	05	481	480
7.	533	106878	SUMIT KUMAR	MALE	04	453	439
8.	584	110721	ANITA KUMAR	FEMALE	02	438	405

तदालोक में आयोग, माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Civil Appeal Nos. - 4242/2022, 4243/2022, 4244/2022, 4245/2022, 4246/2022 एवं 4247/2022 में दिनांक 23.05.2022 को पारित आदेश के अनुपालन में 30वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा (वि.सं. 06/2018) के अन्तर्गत अनारक्षित (01) कोटि की नन–ज्वाईनिंग के कारण उत्पन्न 05 रिक्तियों के विरूद्ध 1. **अनुक्रमांक – 125499, मयंक कुमार पाण्डेय** 2. **अनुक्रमांक – 100345, आरव जैन** 3. **अनुक्रमांक – 125441, आशीष चन्द्रा** 4. **अनुक्रमांक – 114020, सिद्धार्थ शर्मा** एवं 5. **अनुक्रमांक – 109002, संजय कुमार मिश्रा** तथा भविष्य में प्रकाशित होनेवाले विज्ञापन की रिक्तियों में से अनुसूचित जाति की एक रिक्ति के विरूद्ध **अनुक्रमांक – 110721, अनिता कुमार**, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की एक रिक्ति के विरूद्ध **अनुक्रमांक – 106878, सुमित कुमार** एवं पिछड़ा वर्ग की एक रिक्ति के विरूद्ध **अनुक्रमांक – 103270, आनन्द राज** को सफल घोषित करता है।

11.6.22

तिथिः 11 जून, 2022

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना